भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 87
उत्तर देने की तारीख 07 दिसम्बर, 2022

मोबाइल संचार के लिए टावर

87. श्री विनसेंट एच. पाला:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि रानीकोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्र में मोबाइल संचार के लिए टावर नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) मोबाइल संचार के लिए टावर लगाने का काम कब तक पूरा कर लिया जाएगा और सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को यह महत्वपूर्ण सेवा कब तक उपलब्ध कराई जाएगी?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) और (ख) जैसा कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा सूचित किया गया है, रानीकोर ब्लॉक में 140 सीमावर्ती गांवों में से 96 सीमावर्ती गांवों को मोबाइल नेटवर्क द्वारा कवर किया गया है| शेष 44 सेवा से वंचित गांवों को सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) 4जी सैचुरेशन स्कीम के तहत कवर किए जाने की योजना है| उक्त परियोजना को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है और इस कार्य को पूरा करने की निर्धारित तिथि दिसम्बर 2023 है|

*****